## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत आज

**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र ने बताया कि 10 मई को वर्ष 2025 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों,सिविल प्रकरणों,चेक बाउंस प्रकरणों,वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों,विद्युत अधिनियम के प्रकरणों,धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा।

### शोक सभा आयोजित, श्रद्धांजलि अर्पित



**मैहर।** विधानसभा के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के जेष्ठ भ्राता पँ गणेश चतुर्वेदी का दुःखद निधन 4 मई को इंदौर में हो गया है। पुण्यात्मा की श्रद्धांजलि एवं शोक सभा मैहर के स्थानीय सरना पैलेस में आयोजित हुई बड़ा अखाड़ा के महंत सीता वल्लभ शरण जू महाराज के द्वारा सर्वप्रथम राम नाम संकीर्तन किया गया जहां काफ़ी तादाद में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर परिवारजन मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,श्रीनिवास चतुर्वेदी आदर्श चतुर्वेदी मौजूद रहे। श्रद्धांजलि देने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,सतना के पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी,सतना भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे,सूर्य प्रकाश चौरसिया,नितिन ताम्रकार,कुलदीप तिवारी,भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी एवं रीवा सतना के जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मैहर की जनता काफी तादाद में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (नगरीय) सतना राहुल सिलाडिया द्वारा तहसील रघुराजनगर अंतर्गत हरदुआ पडरिया तहसील सेमरिया निवासी शीवेन्द्र आदिवासी की सर्पदंश से हुई मृत्यु पर उसके पिता कृष्णकांत आदिवासी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेष के लिए पंजीयन 31 मई तक

**सतना।** सहायक श्रमायुक्त रीवा संभाग ने बताया कि श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में 8 ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश की प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में तकनीशियन मेकाट्रानिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर ट्रेड का एक वर्षीय पाठयक्रम संचालित है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं तथा शेष सभी सात पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

# मैहर में बारातियों से भरी बोलेरो पलटी,7 घायल

**मैहर से वापस रीवा जा रही थी बारात,घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा में कराया गया भर्ती**

हरिभूमि न्यूज, सतना।





मैहर में शुक्रवार सुबह बारातियों से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार सात बाराती घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मैहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस से सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी गंभीर घायलों को रीवा के संजय गांधी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।घटना नेशनल हाईवे -30 के अमरा नाला के पास की है।

### तेज रफ्तार के कारण हादसा

आसपास के इलाके के लोग बताते हैं कि रीवा जिले के ग्राम लाहोली से पाठक परिवार की बारात मैहर के अमदरा गांव में गई थी। विवाह समारोह के बाद शुक्रवार सुबह बाराती वापस लौट रहे थे। तभी अमरानाला के पास बोलेरो कार क्रमांक एमपी 17 सीसी 0399 तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दो से तीन बार पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना के समय कार की गति बहुत तेज थी। चालक को झपकी आने की आशंका जताई जा रही है। हादसे में बोलेरो चालक चन्द्र प्रताप सिंह 56 वर्ष,दिव्यांशी पांडे 10 वर्ष,रुचि पांडे 23 वर्ष,शरद द्विवेदी 19 वर्ष,अभिषेक पांडे 20 वर्ष,प्रीति शर्मा 26 वर्ष और ज्योति द्विवेदी 28 वर्ष घायल हुए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## ऑपरेशन मुस्कान ने लौटाईं 18 परिवारों की खुशियां



**मैहर।** पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए मैहर पुलिस के द्वारा 09 दिनों में 18 बालिकाओं को ढूंढ़कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोतवाली पुलिस के द्वारा 01 बालिका को पुणे,महाराष्ट्र एवं थाना देहात पुलिस के द्वारा 01 बालिका को नोयडा (उत्तर प्रदेश) से खोजा गया। 05 बालिकाओं को पन्ना,सतना,जबलपुर एवं चित्रकूट से बरामद किया गया।

**अन्य बालिकाओं की तलाश लगातार जारी-** पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान मैहर पुलिस अपहृत लडकियों की दस्तयाबी के लिए लगातार कडी मेहनत कर रही है। आईजीपी गौरव राजपूत और डीआईजी राजेश चंदेल के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में अभियान के प्रथम 09 दिनों में अब तक 18 बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। इनमें से 01 बालिका 03 वर्ष पूर्व से लापता थीं। एवं 08 बालिकायें वर्ष 2024 में अपहृत हुई थीं। अभियान में थाना कोतवाली, देहात एवं बदेरा की पुलिस टीम द्वारा 05 बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। कोतवाली मैहर की टीम वर्ष 2024 में अपहृत बालिका को पुणे,महाराष्ट्र से ढूंढकर एवं थाना देहात की टीम नोएडा उत्तर प्रदेश से बालिका को लेकर मैहर पहुंची जिनके संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा थाना देहात के अन्य दो प्रकरणों में अपहृत बालिका को सतना एवं चित्रकूट से व थाना बदेरा पुलिस की टीम द्वारा बालिका को जबलपुर से ढूंढकर मैहर लाया गया एवं वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## अवैध शराब के साथ चोरी के आरोपी गिरफ्तार,कोर्ट ने जेल भेजा

**सतना।** कोलगवां थाना पुलिस ने अबैध शराब के साथ चोरी के शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकडे गए आरोपियों के कब्जे से 300 पाव देशी शराब बरामद की गई। आरोपियों के नाम आशीष गुप्ता उर्फ मंजा पिता मोहन लाल गुप्ता उम्र 32 साल निवासी लखन चौराहा टिकुरिया टोला के कब्जे से चांदी अधबने जेवरात ,भगवानदीन सिंगरौल पिता रामसिया सिंगरौल उम्र 37 साल निवासी लखन चौराहा नवीन सरस्वती स्कूल के पास थाना कोलगवां जिला सतना के कब्जे से चांदी अधबने जेवरात बरामद हुआ। जिसके संबंध में पूछताछ पर बताए कि तीन चार दिन पहले रोहित सोनी डालीबाबा के घर में चोरी किए थे जो बटवारे में मिला हुआ सामान हैं। जिसे जप्त किया गया व आरोपी राहुल गुप्ता पिता नटवर लाल गुप्ता उम्र 28 साल निवासी लखन चौराहा थाना कोलगंवा से पूछताछ की गई तो बताया कि मेरे हिस्से में चोरी किया हुआ एक नग एलईडी टीवी एवं एक गैस सिलेण्डर मिला था जिसे मैं खण्डहर के पीछे छिपा कर रखा हूं। जिसे आरोपी की निशादेही पर जप्त किया गया।



व आरोपी.मनोज गोस्वामी निवासी गुलुआ कोठी का खण्डहर के पीछे भाग गया। वापसी पर थाना कोलगंवा में अपराध क्रमांक 541/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया है।एवं चोरी के घटना से संबंध में विधिवत पूछताछ की गई जिस पर आरोपीगणो द्वारा बताया गया। 5 और 6 में की आधीरात डालीबाबा स्थित रोहित सोनी के घर का ताला तोडकर उनके घर से चांदी के अधबने जेवरात व एलईडी टीवी व गैस सिलेण्डर एवं 11000 रुपये नगदी चोरी किए थे। चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम भगवानदीन,मनोज,आशीष गुप्ता आपस में बराबर बांट लिए थे एवं टीवी व गैस सिलेण्डर राहुल गुप्ता को दिए थे। उपरोक्त आरोपियों की चोरी की घटना में गिरफ्तारी की गई। आरोपी के कब्जे से चांदी के अधबने जेवरात कुल कीमती 176000 रुपये व एलईडी टीवी व एक गैस सिलेण्डर व 300 पाव देशी शराब कुल कीमती 201000 रुपये बरामद किए गए। इस कार्यवाही में निरीक्षक सुदीप सोनी,उनि आर एस वर्मा,प्रआर बृजेश सिंह, प्रआर वाजिद खान,प्रआर अंकित सिंह,प्रआर सतेन्द्र सिहं,प्रआर राजेश भारती,आर धर्मेन्द्र,आर कृष्ण रंजन,राहुल साहू,आर विकाश पटेल,आर सतेन्द्र यादव,सायबर सेल सतना से उनि अजीत सिंह व सउनि दीपेश पटेल की भूमिका रही।

# जैतवारा थाने के बैरक में बदमाश की गोली से घायल हेड कॉन्स्टेबल की मौत

### हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग ने दिल्ली के अस्पताल में आखिरी सांस ली

हरिभूमि न्यूज, सतना।

जैतवारा थाने में बदमाश के गोली मारने से घायल हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शुक्रवार सुबह 8 बजे दिल्ली के मैक्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके कॉलर बोन में इन्फेक्शन बढ़ता जा रहा था। प्रिंस को गोली मारने वाला आदर्श शर्मा शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है। अब उस पर हत्या का केस चलेगा। बताते चलें कि 28-29 अप्रैल की दरमियानी रात करीब 12 बजे सतना के जैतवारा थाना परिसर में नकाब पहने आदर्श शर्मा ने प्रिंस को गोली मारी थी। गोली प्रिंस के कंधे के पास लगी थी। आदर्श मौके से फरार हो गया था। हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग थाना परिसर में बने बैरक में रहता था। रात को ड्यूटी से लौटकर खाना खाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान कमरे के बाहर से आवाज आई। प्रिंस बाहर आया और देखा कि एक नकाबपोश युवक खड़ा है। प्रिंस के बाहर आते ही युवक ने कट्टे से उस पर फायर कर दिया। प्रिंस को पहले संजय गांधी अस्पताल,रीवा फिर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 7 मई को सेहत बिगड़ने पर रात 1:20 बजे पीएम श्री एयर एंबुलेंस से उन्हें दिल्ली एयर लिफ्ट किया गया था। प्रिंस के परिजन ने भाजपा के जिला अध्यक्ष भगवती पांडे से मदद मांगी थी। पांडे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस विषय में चर्चा की। इसके बाद एयर एंबुलेंस की व्यवस्था हुई। प्रिंस गर्ग को दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हेड कॉन्स्टेबल प्रिंस गर्ग 10 दिन रीवा के अस्पताल में भर्ती रहे थे। छोटे भाई ने कहा-इन्फेक्शन का पता नहीं चल पाया प्रिंस के छोटे भाई प्रशांत तिवारी ने कहा-सीटी स्कैन में शरीर के अंदर गोली नहीं मिली थी। चिकित्सा मंत्री से लेकर आईजी,कलेक्टर,एसपी सभी लोग उनकी हालत पर नजर बनाए थे। बावजूद इसके यह नहीं पता कर पाए कि



उनकी कॉलर बोन में इन्फेक्शन बढ़ता जा रहा है। जब हालत गंभीर हुई तो 7 मई की देर रात उन्हें रीवा से दिल्ली एयर लिफ्ट किया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रिंस पर हमला करने वाला आदर्श बाइक चोरी के मामले में पूछताछ के लिए थाने बुलाए जाने से नाराज था।

### सिगरेट जलाकर पेट्रोल बहाता वीडियो आया था सामने

इस बीच आरोपी आदर्श शर्मा का छह माह पुराना एक वीडियो भी सामने आया। जिसमें वह पेट्रोल पंप पर जलती सिगरेट के साथ पंप के नोजल से पेट्रोल बहाता दिख रहा है। घटना के दौरान पेट्रोल पंप कर्मचारी डर के कारण दूर खड़े थे। ग्रामीणों का कहना है कि आदर्श की हरकतों से परेशान होकर परिवार ने उसे घर से निकाल दिया था। परिजन उसके डर से घर पर ताला लगा कर रखते हैं। दादी ने भी डर से घर छोड़ दिया है।

### शॉर्ट एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया आरोपी

प्रधान आरक्षक पर गोली चलाने के आरोपी अच्छू शर्मा उर्फ आदर्श को पुलिस ने पिछले दोनों शॉर्ट एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ टिकुरी-अकौना मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे हुई थी। आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है।

# मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**सतना।** नगर पालिक निगम के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक शुक्रवार को निगम कार्यालय में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 बीआईसी घटक अन्तर्गत ऑनलाइन प्राप्त आवेदन-पत्रों में से कुल 224 पात्र हितग्राहियों की सूची का अनुमोदन किया गया।

निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थलों में सीवर लाइन लेइंग कार्य प्रगतिरत होने के कारण कायाकल्प योजना 2.0 अन्तर्गत सीसी रोड निर्माण के कार्य में हुए विलम्ब की स्थिति को देखते हुए कार्यालयीन प्रस्ताव अनुसार संविदाकार मैसेज अतुल कोठारिया को कार्य पूर्ण किये जाने के लिए 06 माह तक की समयवृद्धि दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (चतुर्थ बरण) में सीसी रोड, सड़क चौड़ीकरण, आरसीसी नाली एवं रिटेनिंग बाल निर्माण कार्य किये जाने के लिए संविदाकार को कार्य पूर्ण किये जाने के लिए 30 जून 2025 तक की समयवृद्धि का प्रस्ताव सम्पूर्ण जानकारी सत्यापन सहित आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। कन्वेशन एवं वोकेशनल ट्रेनिंग सेन्टर निर्माण कार्य में वर्तमान कार्य की आवश्यकतानुसार नवीन आइटम जोड़े जाने आइटम की मात्रा में परिवर्तन के कारण संशोधित रिवाइज की स्वीकृति प्रदान की गई। 15 वित्त आयोग की निर्दिष्ट अनुदान से ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अन्तर्गत विभिन्न स्थानों में नाली कवर कार्य किये जाने हेतु संविदाकार की कार्य पूर्ण किये जाने के लिए 05 माह तक की समयवृद्धि दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। वार्ड 01 से 45 तक सड़कों के मरम्मत कार्य से संबंधित संविदाकार में काव्या कांस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स को दिनांक 10/03/2024 तक की समयावृद्धि प्रदान किये जाने के प्रकरण पर मेबर इन काउसिंल द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन के अनुक्रम समयावृद्धि प्रदान किये जाने के की स्वीकृति प्रदान की गई। मेयर इन काउसिंल की बैठक में स्वास्थ्य शाखा अन्तर्गत सफाई कार्यों में नियोजित कुल 532 मस्टर श्रमिकों,स्वास्थ्य शाखा अन्तर्गत वाहन चालक कार्यों में नियोजित कुल 37 मस्टर श्रमिकों के अवधिवृद्धि के प्रस्ताव की स्वीकृत प्रदान की गई। मेयर इन काउसिंल की बैठक में शेर सिंह मीना, आयुक्त, मेयर-इन-काउंसिल सदस्य गोपी गेलानी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती प्राची कुशवाहा, डोली बाल्मीक, श्रीमती रानी बालकृष्ण शुक्ला, आदित्य यादव, अभिषेक तिवारी,प्रवीण जैन, अधीक्षण यंत्री एस.के. सिंह, हरिमित्र श्रीवास्तव सहायक आयुक्त, अरुण तिवारी, आर.पी. सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अंशुमान सिंह कार्यपालन यंत्री, मुकेश चतुर्वेदी, के.पी. गुप्ता, आकाश बटुट्टी, रोजल प्रताप सिंह सहायक मंत्री, दिनेश त्रिपाठी सहायक राजस्व अधिकारी, एमआईसी सचिव अशोक केवट सहित निगम के सभी विभागों के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# स्टेशन रोड में चाकू से हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने स्टेशन रोड में आंटी चाय वाले की दुकान के पास चाकू से हमला करके हत्या की कोशिश करने वाले फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरियादी राजेन्द्र सरकार पिता स्व.वीरेन्द्रनाथ सरकार उम्र 52 वर्ष निवासी सर्किट हाउस के पीछे प्रेम नर्सिंग होम के सामने एम जी रोड सतना ने रिपोर्ट लेख कराया कि लडका राजू सरकार उम्र 20 वर्ष का रेलवे स्टेशन सतना में अपनी आर्टिका गाडी टैक्सी चलवाता है। 14 मार्च को करीवन 03/30 बजे घर के नजदीक अंटी चाय दुकान के पास राजू सरकार खडा था,तभी विराट बिन्द,बेटू मंसूरी,सूरज दाहिया तथा उनके साथी मोटर सायकिल से आए और पुराने रंजिश के कारण लडके को बुरी-बुरी गालियां देने लगे। लडके ने गाली देने से मना किया तो लाठी डंडा से मारपीट किए तथा विराट बिन्द ने चाकू निकाल कर जान से मारने की नियत से लडका राजू सरकार के पेट मे घुसेड दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296,115(2),109,3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में तीन आरोपियों सूरज दाहिया पिता बबलू दाहिया उम्र 22 वर्ष निवासी डालीबाबा सतना थाना सिटीकोतवाली जिला सतना,बेटू मंसूरी पिता सुबराती मंसूरी उम्र 24 वर्ष निवासी नजीराबाद कुआं के पास सतना थाना सिटी कोतवाली जिला सतना,विराट बिन्द केवट पिता स्व रंगदेव केवट उम्र 22 वर्ष निवासी डालीबाबा सतना थाना सिटी कोतवाली जिला सतना को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण में फरार आरोपी राहुल रजक पिता कमलेश रजक उर्फ रामबालक उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 37 डालीबाबा मंदिर के पीछे थाना कोलगवाँ जिला सतना को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया।



**नाम सुधार सूचना**

मै कौशलेन्द्र सिंगरौल पिता श्री रामकृपाल सिगरौर उम्र 47 वर्ष निवासीग्राम मनटोलवा तहसील मैहर जिला- सतना म.प्र का होकर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा मैहर मे खाता क्रं.- 34672091616 खुला है जिसमे मेरा नाम कौशलेन्द्र प्रसाद लिखा है जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी दस्तावेजों मे मेरा नाम कौशलेन्द्र सिंगरौल लेख है। कौशलेन्द्र सिंगरौल एंव कौशलेन्द्र प्रसाद दोनो एक ही व्यक्ति के यानी मेरे ही नाम है जो सही व सत्य है। अतः जहाँ मेरे बैंक खाता मे मेरे नाम कौशलेन्द्र प्रसाद लिखा हो उसके स्थान पर मेरा नाम सुधार कर कौशलेन्द्र सिंगरौल लिखा पढ़ा एवं माना जावे जिस हेतु मै यह शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूँ।

दिनांक - 23/06/2023

शपथकर्ता

खबर संक्षेप

## लोक अदालत में बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में मिलेगा समझौते का अवसर

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते का अवसर मिलेगा। इसमें आंकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों के लिए 20 एवं 30 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। कार्यपालन यंत्री अमितेश मिश्रा ने बताया कि 10 मई की लोक अदालत में जिले के सभी निम्नदाब विद्युत उपभोक्ताओं, जिनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 की तहत विशेष न्यायालय पन्ना एवं पवई में लिटिगेशन स्तर पर प्रकरण लंबित है, उन्हें राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए तक राशि वाले प्रकरणों में 20 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। इसका लाभ समस्त घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू तथा 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को मिल सकेगा, जबकि न्यायालय से बाहर प्रिलिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरणों में एकमुश्त राशि के भुगतान पर आकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों में 30 प्रतिशत और ब्याज राशि में शत-प्रतिशत छूट प्राप्त होगी।

# माता-पिता के सिद्धांतों व कर्मों का प्रतिफल संतान से साबित होता है जो हुआ चरितार्थ

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** डॉ. अभिषेक जैन की लाड़ली बेटी ओसी जैन ने जो हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में प्रदेश की प्रवीण सूची में 9वां स्थान में अपनी प्रतिभा को लेकर सामने आई निश्चित ही माता-पिता के द्वारा किये गये सतकर्म जहां ईमानदारी के साथ कर्तव्यनिष्ठा जो अपने पद में रहकर सदैव आम आदमी की मददगार के रूप में जिनकी सोच जानी जाती है। ऐसे जिले में चिकित्सक डॉ. अभिषेक जैन जिनका नाम स्वमेव जाना जाता है इतना ही नहीं ओसी जैन की मां भी समाजसेवा के क्षेत्र में समय-समय पर अपनी भूमिका तय करती है जो कभी भी जरूरतमंदों की मदद को लेकर स्वयं पहुंचकर मदद का दायित्व निभाती है ठण्ड का समय हो तो आपके द्वारा जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान किये जाते है। निश्चित ही माता-पिता के सतकर्म का प्रतिफल संतान में साबित होता है। पिता की भूमिका समूचे जिले में उनकी सेवा से जानी जाती है कई बार देवेन्द्रनगर में आम मरीज जो चिकित्सक के रूप में इन्हें भगवान की तरह




मानते है क्योंकि तत्परता से जहां मजबूर गरीबो के सेवा अपने कर्मभाव से कर्तव्य रूप में निभाने का कार्य जो डॉ. अभिषेक जैन के द्वारा किया जाता है कहीं न कहीं ईश्वर की कृपा से आज उनकी संतान में अलग प्रतिभा जानी गई। जो हाईस्कूल परीक्षा परिणाम आने पर उनकी लाड़ली बेटी ओसी जैन जिसने हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश की प्रवीण मैरिट सूची में 9वां स्थान हांसिल किया है वहीं विगत दिवस कलेक्टर पन्ना ने स्वयं पिता के साथ बेटी को सम्मान के साथ नवाजा इस दौरान हमारे संवेदनशील मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी तथा शिक्षा विभाग के पदेन अध्यक्ष के रूप में जो जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संतोष यादव इतना ही नहीं विभाग प्रमुख जिला शिक्षा अधिकारी रवि कुमार श्रीवास्तव वहीं सम्पूर्ण जिले में शिक्षा में सुधार तथा परिणाम से ही प्रगति के लिए जहां कलेक्टर पन्ना जिनके मार्गदर्शन में समय-समय जिम्मेदारों को दायित्व दिये गये थे जिसमें विशेषतौर पर सीईओ जिला पंचायत तत्कालीन संघप्रिय तथा हमारे जिले के बेहतर भविष्य को संवारने के लिए नवागत सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी जिनकी सोच भी शिक्षा में बेहतर साबित करने को लेकर परीक्षा परिणाम को ध्यान में रखकर हायर सेकेण्डरी व हाईस्कूल परीक्षा के पूर्व तैयारी को लेकर जिस तरह से प्रश्नों को तैयार कर शिक्षकों को तैयारी कराने के लिए जो कार्यप्रणाली अपनाई गई जिससे आज जिले की परीक्षा परिणामों में स्वयं ही साबित हो गया। किस तरह से सफलता सबके समन्वय व लगन निष्ठा से कार्य करने में सामने आती है इसमें समूचे जिले की हमारे शिक्षकों का योगदान तथा प्राचार्यों की भूमिका को भी नाकारा नहीं जा सकता। साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभा तो दिशा देने में बेहतर परिणाम को लेकर आज जो जिले का गौरव बढ़ाने में सामने आई है वह कहीं न कहीं भविष्य की दिशा से शिक्षा के क्षेत्र में जिले में बेहतर कार्य को लेकर माना जा रहा है। वहीं माता-पिता व अभिभावकों की भूमिका से भी जहां संतान की दिशा तय होती है जो उदाहरण को लेकर डॉ. अभिषेक जैन की लाड़ली ओसी जैन उदाहरण है।

# निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

### 21 मई तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निजी स्कूल में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया गत 5 मई से प्रारंभ है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर आगामी 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा। डीपीसी अजय गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 7 से 23 मई तक सत्यापन केन्द्र बनाए गए जन शिक्षा केन्द्र में संचालित है। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिर्पोटिंग कराना जरूरी है। इस संबंध में अधिक जानकारी बीआरसी कार्यालय अथवा जन शिक्षा केन्द्र से भी प्राप्त की जा सकती है।

# ग्राम पंचायत करहटा में चल रहा भ्रष्टाचार का खेल

### मनरेगा योजना में जेसीबी के काम पर क्यों नहीं डाल रहे नकेल..!



**हरिभूमि न्यूज गुनौर।** मनरेगा योजना अंतर्गत के खेत तालाब योजना में चल रहा है जेसीबी से काम आराजी नंबर 171 खसरा नंबर की जमीन पर, ग्राम ककरहटा में उज्जवल सिंह राजपूत के खेत में जो नदी के पास (खेत तालाब योजना (मनरेगा से चल रहा काम) जेसीबी से काम? जल गंगा संबोधन मिशन योजना अंतर्गत जन भागीदारी से जो काम किया जाना चाहिए था, उसमें टोटल मशीनों और ठेकेदारों की मदद से जो काम करवाया जा रहा है, उसमें एक भी मजदूर मजदूरी के नाम पर नहीं लगाया गया है। कहा जाता है जनपद पंचायत गुनौर की इस ग्राम पंचायत ककरहटा में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसमें फर्जी मस्टर रोल, के नाम पर खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए नियम कानून को तिलांजलि दे दी गई है। ऐंसा नहीं है कि इसकी जानकारी और शिकायत वरिष्ठ अधिकारी नेताओं को नहीं दी गई। बल्कि काफी बार शिकायत करने वाले लोगों को धता बताते हुए शिकायत को ही निपटा दिया गया है। अब जनता ग्रामीण यह कह रहे हैं कि स्थानीय प्रशासन से जुड़े जिला प्रशासन तक में शिकायतकर्ता घूम चुके हैं तो क्या सूबे के मुख्यमंत्री से करें। क्योंकि जिला प्रशासन नाम मात्र का रह गया है। जनता की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर एवं जिला प्रशासन से अपील है कि इस ओर नजरें इनायत करें ताकि पलायन रूके और जनता जनार्दन को न्याय मिलना मुमकिन हो सके।

**इनका कहना है-**

मैं इस शिकायत को दिखवा लेता हूं ,दो चार लोगों के नाम दीजिए ताकि जांच करवा सकूं।

**धीरज चौधरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत गुनौर**

# सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध हुई कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज पन्ना** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की है, जिसके तहत गत 6 मई को जपं सीईओ की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम पंचायत झिन्ना में पीएम आवास योजना के आवास प्लस अंतर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध पूर्णता में न्यूनतम प्रगति, समग्र सीडिंग कार्य में लापरवाही सहित जल गंगा संवर्धन अभियान में लक्ष्य अनुरूप कम प्रगति पाए जाने पर सचिव चन्द्रशेखर यादव को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जिपं सीईओ ने निलंबन पश्चात तत्काल प्रभाव से ग्राम रोजगार सहायक को आगामी आदेश तक सचिवीय प्रभार सौंपा है। सचिव के विरूद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। इसके लिए जपं सीईओ अजयगढ़ को जांचकर्ता एवं खण्ड पंचायत अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव द्वारा जनपद पंचायत सीईओ से दूरभाष पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी भी दी गई थी।इसी तरह ग्राम पंचायत बहिरवारा के ग्राम रोजगार सहायक राजेश लोध को शासकीय कार्यों से पृथक रखकर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। साथ ही रोजगार सहायक के विरूद्ध विभिन्न आरोपों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक यंत्री एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ की जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रतिवेदन में वर्णित आरोपों की विस्तृत जांच कर अभिलेख और साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जांच अवधि में रोजगार सहायक को नियमानुसार निर्धारित मासिक पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत पारिश्रमिक भुगतान मिलेगा। रोजगार सहायक राजेश लोध के विरूद्ध ग्रामवासियों, सरपंच व सचिव के माध्यम से अभद्र भाषा का प्रयोग एवं अभद्र व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में खण्ड पंचायत अधिकारी एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा जांच की गई। ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान रोजगार सहायक को नशे की हालत में पाया गया था। ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्यों में इनके द्वारा संपादित कार्यों की न्यूनतम प्रगति भी पाई गई।

# जिला पंचायत सीईओ ने खेत तालाब योजना के तहत समक्ष में कराया लेआउट

### पहली बार 20 हितग्राहियों से हितग्राहियों से संवादकर खेत तालाबों का जिला पंचायत सीईओ ने अपने समक्ष कराया ले-आउट

**हरिभूमि न्यूज पन्ना** प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनिया में चौपाल आयोजित कर सौर्य ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के सबंध में की गई चर्चा जिससे विद्युत होने वाली असुविधा से ग्रामीणों को मिले मुक्ती जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी जिनकी सोच जमीनी स्तर पर योजनाओ के क्रियान्वयन को लेकर अलग ही छाप छोड़ रही है। सायद पहली बार जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विगत दिवस अपने समक्ष खेत तालाब हितग्राहियों से सीधा संवाद करते हुए उनके खेतों में योजना का लाभ को ध्यान में रखकर ले-आउट अपने समक्ष कराया। निश्चित तौर पर यह अपने आप में एक अलग ही मिशाल है। जो पन्ना जनपद अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनिया में मुख्य कार्यपालन अधिकारी



जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी ने भ्रमण करते हुए जहां उपस्थितजनों चर्चा की तथा खेत तालाब योजना के हितग्राही से संवाद कर ऐसे 20 हितग्राही के खेतों में खेत तालाब योजना के तहत स्वयं अपने समक्ष ले-आउट भी कराया। यहां ग्राम पंचायत में उपस्थित ग्रामीणजनों से इस तरह का जमीनी लाभ योजनाओं का मिलने को लेकर अलग ही दिशा देने को लेकर माना गया। इतना ही नहीं इसके अलावा ग्राम पंचायत रक्सेहा में पूर्व से निर्मित तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत साफ-सफाई कार्यक्रम मं सरपंच सचिव एवं ग्रामीणजनों के साथ सहभागिता निभाई। साथ ही सीईओ जिला पंचायत ने जमुनिहाई में प्राधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की चौपाल आयोजित कर सौर्य ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के संबंध में चर्चा की ताकि ग्रामीणों को जो बिजली की असुविधा जो आये दिन बनी रहती है उससे मुक्ती मिले। सौर्य ऊर्जा ग्राम के लाभों के बारे में भी बताया गया। जहां इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की भागीदारी सौर्य ऊर्जा लगाने को लेकर उत्साह भी देखने को मिला। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आनंद शुक्ला, सहायक यंत्री प्रशांत नायक व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भगवत पटेल तथा उपयंत्री राकेश अरजरिया मौजूद रहे। इस तरह से जहां देखने में यह आया कि सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी जो जमीनी स्तर पर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आम जनता को लाभ दिलाने के लिए तत्पर है। वहीं किसी भी तरह का भ्रष्टाचार जो खासकर निर्माण कार्यों में ले-आउट से जन्म लेता था उस पर विराम लगाने के लिए यह महत्वपूर्ण दिशा मानी जा रही है जहां सीईओ जिला पंचायत ने अपने समक्ष ही हितग्राहियों के खेतों में खेत तालाब योजना के माध्यम से स्वीकृत तालाबों का ले-आउट कराया। यह कहीं न कहीं विभाग प्रमुख की जमीनी स्तर की बड़ी कार्यवाही हितग्राहियों को सीधा लाभ प्रदान करने तथा भ्रष्टाचार को विराम लगाने को लेकर माना जा रहा है। इस तरह से पारदर्शिता को ध्यान में रखकर पंचायतों में जो निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार की दिशा ले आउट के समय जहां स्वयं उपयत्री तक नहीं पहुंचते वहां सीईओ जिला पंचायत ने अपने समक्ष ले आउट कराये जो समूचे जिले के लिए दिशा दे रही है। इस तरह की पहल जिससे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अहम माना जा रहा है वहीं हितग्राहियों को सीधा लाभ प्रदान करने के लिए भी महत्वांकाक्षी योजना खेत तालाब के लिए लाभ की दिशा तय होकर कृषि के क्षेत्र में समृद्धता को लेकर जाना जायेगा।

# पन्ना की धरती ने उगला इतिहास!

### सफेद पत्थर की अलंकृत मूर्ति ने खोले कला और आस्था के प्राचीन द्वार, पुरातत्व विभाग में मचा हड़कंप



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** मध्य प्रदेश के पन्ना शहर में इतिहास की परतें एक बार फिर ज़मीन से बाहर आई हैं। शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक 'धरम सागर तालाब की खुदाई में मिली है 10वीं शताब्दी की एक शानदार नंदी प्रतिमा, जो सफेद पत्थर से बनी और बारीक नक्काशी से सजी है। भगवान शिव के वाहन नंदी की यह प्रतिमा न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पन्ना की हजार साल पुरानी कलात्मक परंपरा का सजीव प्रमाण भी बनकर सामने आई है। प्रतिमा की भव्यता और अलंकरण देख विशेषज्ञ भी चकित हैं। पुरातत्व विभाग ने इसे संभाल कर बाहर निकाला और अब इसके विस्तृत अध्ययन की तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि प्रतिमा को कुछ हानि जरूर पहुँची है, लेकिन उसका ऐतिहासिक महत्व अपार है।"इतनी प्राचीन और अलंकृत नंदी की मूर्ति मिलना अपने आप में दुर्लभ है। यह खोज पन्ना को भारत के सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान दे सकती है।" सरदार सिंह, हिन्दू पथ महल, पन्ना। यह खोज अब न केवल इतिहासकारों और शोधकर्ताओं के लिए शोध का नया विषय बनेगी, बल्कि पन्ना के धार्मिक और पर्यटन महत्व को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाने का माध्यम बनेगी। धरम सागर की मिट्टी में दफन इतिहास अब बोलने लगा है और उसकी आवाज दूर तक गूंज रही है।

### महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर निकली विशाल रैली, नगर अमानगंज में हुआ स्वागत



**हरिभूमि न्यूज अमानगंज।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 9 मई 2025 दिन गुरुवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती का आयोजन किया गया, जो जलसा रेस्टोरेंट कटनी रोड से रैली प्रारंभ होकर मैंन रोड से अमानगंज नगर पहुंची। नगर के गांधी चौराहा पर नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक और भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी द्वारा फूल बरसा कर रैली का स्वागत किया। इसके बाद घटारी, महेवा होते हुए मढ़ेश्वर धाम बेली हिनौती पहुंची।

# धर्म की रक्षा और विधर्मियों का नाश करने जन्म लेते हैं भगवान- शास्त्री जी



**हरिभूमि न्यूज पवई।** ग्राम छिर्रहा मे बल सिंह नत्थू सिंह परमार के निवास पर चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास पंडित सुरेन्द्र कुमार शास्त्री ने कथा के माध्यम से श्रोताओ को बताया कि जब भी इस धरती पर धर्म को क्षति पहुंचने वाले आतातार्ड विधर्मी बढने लगते और भक्तो पर मुसीबत आती है भगवान किसी न किसी रूप मे जन्म लेते है एवं रक्षा करते है। महाराज जी ने बताया कि भगवान अपने भक्तों की हर पल सहायता के लिए तैयार रहते है व्यक्त के मन मे विश्वास होना चाहिए आस्था और विश्वास से फल की प्राप्ति होती है। जैसे ही भय प्रगट दीनदयाल कौशिल्या हितकारी शुरू किया जन्म की खुशी मे नंद घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयकारों एवं आतिश बाजी से पंडाल गुंजायमान हो गया श्रोता खुशी मे झूम उठे महिलाओ ने बधाई गीतों से भगवान स्वागत किया आरती पश्चात लड्डूओ का प्रसाद वितरण किया गया कथा श्रवण करने वालों की काफी भीड रही



# ड्राइवरों का अपहरण कर 2 डंपर एवं 37 हजार रुपये लूट के मामले में फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज पवई।** आरोपी के कब्जे से लूटे दो डंफर कीमती करीब 40 लाख रुपये एवं घटना मे प्रयुक्त इनोवा कार कीमती करीब 20 लाख रूपये सहित 60 लाख का मशरूका किया गया जप्त फरियादी द्वारा माननीय न्यायालय पवई मे परिवाद दायर किया गया कि दिनांक 14.07.22 को करीबन 15.00 बजे फरियादी के एग्रीमेंट के विगत दिवस आधिपत्य के दो डंफर जो कि पवई के आगे मुराच रोड पर आरोपी तरणदीप सिंह, शशिकांत पटेल एवं अन्य 7 से 8 व्यक्तिओं के द्वारा अपनी इनोवा गाड़ी से दोनों डंफर के आगे लगाकर डंफर रुकवाकर उक्त दोनों डंफर ड्राइवरों को अपने साथ गाड़ी में जबरदस्ती बैठाकर, उनके पास रखे पैसे करीबन 37 हजार रुपए उनसे छीनकर, दोनों डंफरों को अपने साथियों सहित दमोह ले गए। जहां दोनों ड्राइवरों को तीन गुल्ली पर जाकर छोड़ दिया गया।
उक्त परिवाद पर माननीय न्यायालय पवई के आदेशित



करने उपरांत थाना पवई में उक्त आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 21.10.23 को अपराध क्रमांक 414 /2023 धारा 392,341,363 भा.द.वि. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम गठित कर आरोपियो की लगातार तलाश पतारसी की गई जिसके फलस्वरूप थना प्रभारी पवई को आरोपी तरनजीत सिंह उर्फ नैंसी के दमोह मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मामले के आरोपी तरनजीत सिंह उर्फ नैंसी पिता गुरु चरण सिंह निवासी वार्ड नंबर 01 थाना कोतवाली जिला दमोह को कस्बा दमोह से अभिरक्षा मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी से घटना के सम्बंध सख्ती से पूछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा उसके दूसरे साथी शशिकांत पटेल एवं अन्य लोगों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग की गई इनोवा कार एवं फरियादी के एग्रीमेंट के आधिपत्य के दोनो डंपर ड को भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# गंभीर अनियमितताओं के चलते जिला पंचायत सीईओ ने श्रीमती रचना मिश्रा सचिव को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज छतरपुर



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छतरपुर को जनपद पंचायत गौरिहार के पत्र क्रमांक 325, 29 अप्रैल 25 के द्वारा प्रतिवेदित किया गया था। श्रीमति रचना मिश्रा सचिव ग्राम पंचायत महयावा के द्वारा नाली निर्माण कार्य हेतु दो लाख रूपए का आहरण किया गया था। गठित जाँच दल ने मौके पर कोई कार्य होना नही पाया। साथ ही सी.सी रोड़ जयराम पाल के मकान से भोला प्रजापति के मकान तक सी.सी रोड़ सह नाली निर्माण, हीरालाल के घर से केदारपाल के घर तक बाउण्डीवाल निर्माण, माध्यमिक शाला रमपुरवा, सी.साी रोड़ सह नाली निर्माण घोषीपुर, राममिलन पाल के मकान से सजीवन पाल के मकान तक, गौशाला संचालन महयावा, पंचायत भवन की सामग्री, मुर्मीकरण एव राष्ट्रीय पर्व, नाली निर्माण महयावा, आगनवाड़ी निर्माण के अलावा और भी कई काम कागजो तक ही सिमित रहे। जिसमे सामग्री खरीदी शिवदत्त सेन एवं सुरेश मिश्रा से क्रय की गई है। इन कार्य में 27 लाख 27 हजार 410 का भुगतान अधिकृत वेंडर को ना करते हुए अनाधिकृत ब्यक्तियों को नियम विरूद्र करना पाया गया था। जो कि नियमविरूद्व वित्तीयअनिमिता एवं शासकीय राशि का दुरूपयोग होना सिध्द्र होता है। जिसके चलते जिला सीईओ तपस्या परिहार ने बीते रोज श्रीमति रचना मिश्रा सचिव ग्राम पंचायत महयावा जनपद पंचायत गौरिहार को निलबिंत किया है। निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत गौरिहार नियत किया गया है।

**क्या था पूरा मामला -**

ग्राम पंचायत महयावा की सचिव श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा 60 लाख रूपए की राशि को अवैध रूप से भुगतान किया गया था जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने 11 अप्रैल को कमीश्रर से की थी शिकायत के बाद 17 अप्रैल को कमीश्नर ने कलेक्टर को एक पत्र लिखकर बिन्दु बार जाँच कर पत्र मांगा था।

शिकायत करने बाले ग्रामीणों ने बताया कि सचिव ने करीब चालीख लाख सत्ताई हजार पॉच सौ पाँच रूपए का भुगतान सीसी सड़क , कुप मरम्मत एवं सफाई आदि के नाम पर ग्राम नीबीखेंडा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकानें के विक्रेता शिवदत्त सेन के नाम किया है। जबकि उसके पास काम करने का कोई लाइसेंस नही है। जिसके आधार पर बह सरकारी भुगतान प्राप्त कर सकें। इसी तरह हरवंशपुर निवासी सुरेश मिश्रा को भी 20 लाख 68 हजार 100 रूपए का फर्जी भुगतान किया गया है। यह भुगतान आंगनवाड़ी भवन निर्माण, टेंकर मरम्मत, कुर्सी खरीदने कें नाम पर हुआ है जबकि सुरेश मिश्रा के पास भी कोई फर्म या दुकान नही है।

कमीश्रर सागर ने इस फर्जी भुगतान की जाचं के लिए जिला कलेक्टर को एक स्मरण पत्र क्रमांक 484/शाखा-05/2025 सागर दिनांक 07 मई 2025 द्वारा कार्यलीन पत्र क्रमांक/430/शाखा05/2025 दिनांक 17 अप्रैल 2025 के सदर्भ में जनपद गौरिहार की महयावा पंचायत की सचिव रचना मिश्रा द्वारा जनपद सीईओ से मिलीभगत कर ग्राम विकास की 60 लाख रूपए की राशि का नियमविरूद्ध भुगतान किया है। जिसकी जाचं कर प्रतिवेदन चाहा गया था जो आज दिनांक तक प्राप्त नही हुआ है। कमीश्रर सागर ने स्मरण पत्र के माध्यम से तत्काल जाचं कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए है। महयावा पंचायत की इस फर्जी भुगतान की पोल तब खुल गई जब सचिव ने सैल्समेन को ठेकेदार बनाकर उसके नाम चालीस लाख का भुगतान कर दिया अगर संबंधित ब्यक्ति के पास ठेकेदारी का लाईसेंस होता तो भ्रष्टाचार में पर्दा डाला जा सकता था लेकिन ऐसा नही हुआ और जिसका खुलासा हो गया। ग्राम पंचायत महयावा के सरपंच और सचिव ने सैल्समैन शिवदत्त सेन को सी सी सड़क आगनवाड़ी भवन कुट मरम्मत व साफ सफाई के नाम पर फर्जी बाउचरों के माध्यम से 2023 से फरवरी 2025 तक 40 लाख 27 हजार का भुगतान किया गया इसी मुर्मी करण सहित अन्य कार्या के नाम पर शिवदत्त सेन को 20 दिसंबर 2023 को एक लाख 72 हजार 9 सितबंर 2024 को 96 हजार पांच सौ 18 अक्टूबर 2023 को 75 हजार 9 जुलाई 2024 को 23 हजार पांच सौ 23 अप्रैल 2024 को 2 लाख 1 हजार 24 जनवरी 2025 को 2 लाख 15 हजार 5 अगस्त 2024 को 1 लाख 98 हजार 18 अक्टूबर 2023 को 1 लाख 43500 रूपये और इसी तरह अन्य कार्या के बदले फर्जी तरीके से एक ही ब्यक्ति वो भी सैल्समेन को 40 लाख से अधिक का भुगतान किया गया था। इन सभी कामों की जांच दल द्वारा जांच की गई थी, जिसमें मौके पर काम होना नहीं पाया गया। जनपद पंचायत गौरिहार सीईओ के पत्र पर जिला पंचायत सीईओ ने निलंबन की कार्यवाही की है।

# चक्षू अभियानः सीसीटीवी से अपराध नियंत्रण की पहल

**व्यापारियों और अग्रवाल समाज ने दिया सहयोग, 10 दिनों में लगे 500 कैमरे**



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर ।** जिले में अपराध नियंत्रण और जन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस द्वारा शुरू किया गया चक्षू अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जन सहयोग और प्रशासनिक समन्वय से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान को छत्रसाल व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ और अग्रवाल समाज जैसे अन्य सामाजिक संगठनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। एसपी अगम जैन ने बताया कि चक्षू अभियान के तहत जिले में अपराध नियंत्रण के लिए सीसीटीवी निगरानी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शुरुआती 10 दिनों में 500 कैमरे लगाने में सफलता मिली है, जिसमें जनता का व्यापक सहयोग प्राप्त हो रहा है। छत्रसाल व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ और अग्रवाल समाज ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एसपी ने उम्मीद जताई कि आगामी दिनों में भी यह सहयोग जारी रहेगा। एसपी श्री जैन ने कहा कि सीसीटीवी निगरानी से न केवल अपराधों पर अंकुश लगेगा, बल्कि जांच प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और गति आएगी। उन्होंने जिले के अन्य सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से भी इस अभियान में सहयोग की अपील की। इस पहल से नौगांव सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। अग्रवाल समाज की ओर से हरिप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि समाज ने 1 लाख रुपये का योगदान दिया है। वहीं शहनाई गार्डन के संचालक अजय लाल और प्रेमरूपा नर्सिंग होम के संचालक राजेश खरे ने 45-45 हजार रुपये का सहयोग किया। वहीं छत्रसाल व्यापारी संघ के लालू लालवानी ने बताया कि संघ ने 14 सीसीटीवी कैमरे और दो डीवीआर पुलिस को उपलब्ध कराए हैं।

## खबर संक्षेप

### आधा दर्जन मेधावी बच्चों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज छतरपुर। गुरुकुल एकेडमी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12 छात्रों को सम्मानित किया। गांव से बुलाए गए इन छात्रों को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने खुशी जताते हुए गुरुकुल एकेडमी के शिक्षकों, विशेष रूप से सुरेंद्र पटेल और अमन सर के सहयोग की सराहना की। छात्रों ने बताया कि शिक्षकों की मेहनत और 3-4 घंटे की लगन भरी पढ़ाई से उन्होंने शानदार अंक हासिल किए। सम्मानित छात्रों में ऋतुराज यादव 98 प्रतिशत, सारिका प्रजापति 97 प्रतिशत, रक्षा पटेल 96.4 प्रतिशत, अमित राजपूत 96.4 प्रतिशत, यथार्थ रावत 95 प्रतिशत, प्रियांशी खरे 92 प्रतिशत, शिवानी यादव 91 प्रतिशत, वर्षा प्रजापति 90 प्रतिशत, नैन्सी पटेल 90 प्रतिशत, शिवा अहिरवार 96 प्रतिशत, प्रिंस अहिरवार 93 प्रतिशत, शैलेंद्र पटेल 92 प्रतिशत, सौरभ अहिरवार 92 प्रतिशत और अनामिका राठौर 91 प्रतिशत शामिल हैं। यह उपलब्धि गुरुकुल एकेडमी और छात्रों की मेहनत का प्रतीक है।

### नौगांव में नवीन एसडीएम कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**कलेक्टर ने कहा- क्षेत्रवासियों को मिलेगा राजस्व और शासकीय सेवाओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज छतरपुर। छतरपुर जिले के नौगांव में शुक्रवार को नवीन अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम कार्यालय) का उद्घाटन विधायक कामाख्या प्रताप सिंह और कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर एसडीएम नौगांव जी.एस. पटेल, एसडीओपी अमित मेश्राम, नौगांव तहसीलदार रंजना यादव, महाराजपुर तहसीलदार अनिल तलैया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात विधायक और कलेक्टर ने कार्यालय के मीटिंग हॉल, कोर्ट और एसडीएम कक्ष का निरीक्षण किया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि इस भवन का निर्माण पीआईयू द्वारा कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के शुरू होने से नौगांव क्षेत्र की जनता को राजस्व और अन्य शासकीय सेवाओं का सुगमता से लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिटीजन चार्टर का पालन करते हुए राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर दिया कि क्षेत्रवासियों को शासकीय सेवाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

### मकान बनाने को लेकर आपस में भिड़े सगे भाई



**बड़े भाई ने छोटे भाई और भतीजे पर किया हमला**

हरिभूमि न्यूज छतरपुर। गौरिहार थाना क्षेत्र के रेवना गांव में मकान के निर्माण को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद में बड़े भाई ने अपने छोटे भाई और भतीजे पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रेवना निवासी नीलम प्रजापति ने बताया कि उनके ताऊ मनीराम प्रजापति गलत तरीके से अपना घर बनवा रहे हैं। बीती रात इसी बात को लेकर मनीराम और उनके परिजन बाबू व विनोद के साथ उनका वाद-विवाद हुआ। विवाद बढने पर मनीराम और उनके परिजनों ने नीलम और उनके पिता प्रताप प्रजापति पर डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घायल नीलम और प्रताप प्रजापति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्रताप की हालत गंभीर बनी हुई है। गौरिहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सहसनगर में दो पक्षों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला, एक दर्जन घायल



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर ।** मातगुवां थाना क्षेत्र के सहसनगर गांव में दो पक्षों के बीच आम रास्ते से निकलने को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी चली, जिससे दोनों पक्षों के एक दर्जन महिला-पुरुष और बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सहसनगर निवासी हरिराम अहिरवार ने बताया कि उसके बच्चे गांव की डेयरी पर दूध देने जा रहे थे, तभी गांव के बृजकिशोर प्रजापति और उसके साथियों ने रास्ता रोक लिया। बच्चों के निकलने का आग्रह करने पर बृजकिशोर ने एक बच्चे को मुंह से काट लिया और बाद में अपने साथियों टिंकू प्रजापति, मनप्यारे, भगुंता, लखन व अन्य के साथ मिलकर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाव में हरिराम के पक्ष ने भी मारपीट की। इस घटना में हरिराम, उसके पुत्र कमलेश, अखिलेश, सूरज, पत्नी प्यारी बाई और बेटी शिवानी घायल हुई है। वहीं, बृजकिशोर प्रजापति ने दावा किया है कि हरिराम के पक्ष के लोग उसके घर आए और विवाद शुरू कर दिया। बृजकिशोर के मुताबिक आरोपियों ने डंडे से उनके सिर पर हमला किया, जिससे उसे चोट लगी है। बहरहाल मातगुवां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शौच के लिए गए व्यक्ति पर क्रूर हमला



## गुप्तांग में जबरन डाली प्लास्टिक की बोतल हालत गंभीर

**हरिभूमि न्यूज छतरपुर ।** नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मऊसहानियां में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति पर आधा दर्जन अज्ञात नकाबपोशों ने क्रूर हमला कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित की पिटाई करने के बाद उसके गुप्तांग में प्लास्टिक की बोतल जबरन डाल दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित नन्हे पुत्र हल्लू कुशवाहा (45 वर्ष) निवासी मऊसहानियां ने बताया कि वह सुबह करीब 10 बजे अपने खेत पर शौच के लिए गया था। इसी दौरान अज्ञात नकाबपोश हमलावर आए और उस पर हमला कर दिया। नन्हे के मुताबिक, चार हमलावरों ने उसके हाथ-पैर पकड़े, जबकि एक ने प्लास्टिक की बोतल उसके गुप्तांग में डाल दी। घटना के बाद परिजन नन्हे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि प्लास्टिक बोतल पीड़ित के शरीर में पूरी तरह अंदर चली गई थी, जिसे ऑपरेशन के माध्यम से निकाला गया है। पीड़ित की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं नौगांव पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गर्भवती महिलाओं की निगरानी और डिलीवरी प्वाइंट्स के संचालन में लापरवाही पर कलेक्टर के सख्त निर्देश

**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रसव दर, कुपोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, बीएमओ, डॉक्टर और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कम प्रसव दर, कुपोषण और गर्भवती महिलाओं की निगरानी में लापरवाही पर सख्त निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने ग्राम कर्री, सीलोन और कुर्राहा में संस्थागत प्रसव की संख्या अत्यंत कम होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कुर्राहा को शीघ्र 108 एंबुलेंस सेवा से जोडने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी बीएमओ को 7 दिन के भीतर अपने क्षेत्रों के डिलीवरी प्वाइंट्स का निरीक्षण कर प्रसव संख्या में कमी के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट सीएमएचओ के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा। पाथा ग्राम में होम डिलीवरी की बड़ी संख्या पर लवकुशनगर के बीएमओ को गांव का दौरा कर कारणों की जांच और संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं का प्रथम त्रैमासिक के बाद पंजीकरण और एएनसी जांच न होने पर कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए, साथ ही कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाली आशा कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने का आदेश दिया। कलेक्टर ने उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामलों का डेटा सीडीपीओ के साथ साझा करने और हर माह 9 व 25 तारीख को निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जननी एक्सप्रेस और 108 एंबुलेंस सेवा की मिस्ड कॉल्स की समीक्षा कर प्रणालीगत समस्याओं की रिपोर्ट देने को कहा। जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता योजना के भुगतान में लापरवाही पर बीएमओ गौरिहार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।




**मृत्युदर में कमी की सराहना -**

कलेक्टर ने स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में मृत्युदर 9.1 प्रतिशत से घटकर 3.41 प्रतिशत होने पर सराहना की और शून्य मृत्युदर का लक्ष्य निर्धारित किया। न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर की प्रगति में सुधार और 9-11 माह के बच्चों के टीकाकरण की सख्त निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिलीवरी प्वाइंट्स के सतत संचालन और गर्भवती महिलाओं की निरंतर निगरानी पर विशेष बल दिया।

**कुपोषण और पुनर्वास में लापरवाही पर कार्रवाई -**

लवकुशनगर में कुपोषित बच्चों के पुनर्वास में लापरवाही पर कलेक्टर ने बीएमओ और सीडीपीओ की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषित बच्चों को पुनर्वास केंद्र में भर्ती सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बड़ामलहरा, ईशानगर और लवकुशनगर की निगरानी की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपी गई।

**पीपीआईयूसीडी में लापरवाही पर नोटिस**

प्रसव के 48 घंटे के भीतर पीपीआईयूसीडी को बढ़ावा देने में शून्य प्रगति पर कलेक्टर ने बीएमओ धवाड़ और राजनगर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। लाभार्थियों, आशा कार्यकर्ताओं और स्टाफ नर्सों को इसके लिए प्रेरित करने को कहा।

**स्वास्थ्य योजनाओं की गहन समीक्षा**

कलेक्टर ने यू-विन पोर्टल, मिशन परिवार विकास, आयुष्मान भारत, गैर-संक्रमणीय रोगों की स्क्रीनिंग, मलेरिया नियंत्रण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और अन्य योजनाओं की समीक्षा की। सभी अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन और जनता को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पटाखा फोड़ने वाली बुलेट बाइकों से आमजन परेशान

## पुलिस की निष्क्रियता से बुलंद हुए बाइकर्स के हौसले

**हरिभूमि न्यूज हरपालपुर।** नगर में इन दिनों शाम होते ही बुलेट बाइकों के शौकीन युवा तेज रफ्तार और पटाखों की आवाज के साथ सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। इन बाइकों से निकलने वाली पटाखों की तेज आवाज से सड़क पर चलने वाले लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हरपालपुर थाना पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही, जिससे बाइकर्स के हौसले बुलंद हैं। नगर की मुख्य सड़कों, हरिहर रोड, पुरानी गल्ला मंडी, शिक्षक कॉलोनी, राजा कॉलोनी, राजपूत कॉलोनी, लहचुरा राठ रोड और गली-मोहल्लों में शाम के समय बुलेट बाइकों से पटाखों की आवाज आम हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन बाइकों की तेज आवाज से अन्य वाहन चालक डरकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। यह समस्या खासकर नवयुवकों में बुलेट बाइकों को मोडिफाई कर पटाखे जैसी आवाज निकालने के चलन से बढ़ी है। पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा पूरे छतरपुर जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने और बुलेट बाइकों से पटाखे की आवाज निकालने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद, हरपालपुर थाना पुलिस द्वारा न तो चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और न ही कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुलिस की इस निष्क्रियता के कारण बाइकर्स बेरोकटोक सड़कों पर उत्पात मचा रहे हैं। बुलेट बाइकों में मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी आवाज निकालना मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन है। ऐसी बाइकों के खिलाफ चालान, साइलेंसर जब्ती और बाइक इंपाउंड करने की कार्रवाई की जा सकती है। नगरवासियों ने हरपालपुर थाना पुलिस से मांग की है कि बुलेट बाइकों के खिलाफ नियमित चेकिंग अभियान चलाया जाए और यातायात नियम तोडने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों तक ले जाएंगे।



# PW की प्रज्ञा जैस्वाल ने MP बोर्ड कक्षा 10 में टॉप किया 248 छात्र 95% से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल



**हरिभूमि न्यूज सिगरौली।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के MP Board Wallah ने कक्षा 10वीं के मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया। पीडब्ल्यू के 10 छात्र राज्य के टॉप 10 रैंकर्स में शामिल हैं।इस सूची में शामिल हैं – प्रज्ञा जैस्वाल(रैंक 1), आयुष द्विवेदी (रैंक 2), अनुराग कुमार साहू (रैंक 5), सौरभ त्रिपाठी और वैष्णवी शुक्ला (रैंक 6), वेदिका पटेल (रैंक 7), अभिमन द्विवेदी और आयुष प्रजापति (रैंक 8), शुभम तिवारी (रैंक 9), और वेदिका चौरसिया (रैंक 10)। ये सभी छात्र पीडब्ल्यू के उड़ान और रूद्र MP बोर्ड वाला बैचों का हिस्सा थे, जो MP बोर्ड के छात्रों को संरचित पढ़ाई और नियमित मूल्यांकन के माध्यम से मदद करते हैं।इसके अलावा, 248 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के परिणामों में भी पीडब्ल्यू के 4 छात्र टॉप 10 में शामिल हुए हैं – हर्ष पांडे (रैंक 2), राधा साहू (रैंक 8), जीवनलाल बाथरे (रैंक 9) और अनामिका पटेल (रैंक 10)। फिजिक्सवाला के संस्थापक और शिक्षक, अलख पांडे ने इस अवसर पर कहा, ''ये परिणाम छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षण केंद्रों की सोच को दर्शाते हैं। हम देशभर के छात्रों को इसी तरह मार्गदर्शन और अनुभवी शिक्षकों की सहायता प्रदान करते रहेंगे।''सिंगरौली की प्रज्ञा जैस्वाल, जिन्होंने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया, ने कहा, ''मैं इतने अच्छे अंक लाकर बेहद खुश हूं। इसके लिए मैं अपने परिवार और पीडब्ल्यू की पूरी टीम का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने मुझे पढ़ाई के लिए जरूरी स्ट्रक्चर और मोटिवेशन दिया। आगे चलकर मैं सिविल सर्विस में जाना चाहती हूं और देश की सेवा करना चाहती हूं।

# आखिरकार पकड़ा गया बलात्कार का आरोपी मनु अरजरिया



**हरिभूमि न्यूज छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी बलात्कार के आरोपी मनु अरजरिया को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्रवाई पीड़िता द्वारा गुरुवार को एसपी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन के बाद की गई। बीते रोज एएसपी विदिता डागर ने जमीन पर बैठकर पीड़िता की समस्या सुनी थी और 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी टीआई अरविंद दांगी ने बताया कि आरोपी मनु अरजरिया को झांसी के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, साथ ही मामले की जांच भी जारी है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दिया था। एडिशनल एसपी विदिता डागर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़िता के साथ जमीन पर बैठकर उनकी बात सुनी थी और त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। पुलिस की सक्रियता से पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद जागी है।

## खबर संक्षेप



### नशीली कफ सिरप के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, यूपी से लाई जा रही थी नशीली कफ सिरप की खेप, पुलिस ने बोलेरो सहित 13 सौ शीशी अवैध कफ सिरप किया बरामद

**हरिभूमि न्यूज रीवा।** जिले के चाकघाट थाना पुलिस ने बोलेरो सवार चार तस्करों के कब्जे से 13 सौ शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन की तहत बड़ी करवाई अंजाम दिया है, पुलिस के मुताबिक तस्करों द्वारा यह खेप यूपी के बनारस से रीवा लाई जा रही थी, जिसे अलग अलग जगह पर खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने तस्करों के विरुद्ध चाकघाट थाने में अपराध दर्ज कर कार्यवाही की है। त्योथर एसडीओपी उदित मिश्रा ने बताया कि तस्करों की गैंग को यूपी की सीमा से सटे चाकघाट से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर चाकघाट के पुराने टोल प्लाजा के समीप घेराबंदी कर एक बोलेरो वाहन को पकड़ा गया है। तलाशी के दौरान बोलेरो वाहन में चार युवक सवार मिले, जिनसे पूछताछ के उपरांत वाहन में ही लोड 13 सौ सीसी नशीली कफ सिरप जप्त की गई है, जिसकी कीमत 2.53 लाख रूपए बताई गई है।बाक्सये तस्कर गिरफ्तार पूछताछ जाती पुलिस के मुताबिक पकड़े गए चारों आरोपियों में शिवभगवान पाल पिता रामचंद्र पाल उम्र 21 वर्ष निवासी खाम्हा थाना सोहागी, पुष्पराज पाल पिता रामबली पाल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सींगों थाना सोहागी, रावेंद्र पाल पिता हरिशंकर पाल उम्र 20 वर्ष निवासी भवानीपुर थाना कोरांव जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश सहित भूपेंद्र पाल पिता कृष्णपाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खाम्हा थाना सोहागी रीवा शामिल है। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है साथ ही पुलिस आरोपियों से इस अवैध नशे के कारोबार में शामिल अन्य सदस्यों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 70 इआर व चार नग मोबाइल भी जब्त किए है।

### अवैध बारातघरों पर कार्रवाई शुरू, राजवाड़ा मैरिज गार्डेन में नगर निगम ने जड़ा ताला, 30 हजार का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज रीवा ।** शहर में बिना अनुमति के संचालित बारातघरों की वजह से आम लोगों को हो रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए अब नगर निगम ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। नगर निगम के अधिकारियों की टीमों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों का भ्रमण किया और बारातघरों में मौजूद सुविधाओं का परीक्षण किया। इस दौरान एक जगह अनुमति से जुड़े कोई दस्तावेज नहीं मिलने और नियमों की अनदेखी पर सील करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है। नगर निगम क्षेत्र के जोन क्रमांक 3 के तरगत आने वाले मैरिज गार्डनों का निरीक्षण जोनल अधिकारी राजेश सिंह एवं एचके त्रिपाठी द्वारा किया गया। साथ में अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान 'राजवाड़ा मैरिज गार्डन' बिना अनुमति के संचालित पाया गया, जिस पर तालाबंदी की कार्वाई की गई है। इसके अतिरिक्त, नियमों के उल्लंघन के कारण अन्य कई मैरिज गार्डनों पर 30 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने प्रमुख रूप से कलश मैरिज गार्डन, मां फूलमती गार्डन, रॉयल कैसल, लगन, हरिओम मैरिज गार्डन, सिन्धुभवन, नारायण, सूर्या होटल, रॉयल पैलेस आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां पर कमियां पाई गई है संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर जवाव मांगा गया है। नगर निगम की टीम द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना अनुज्ञा के संचालन, पार्किंग, ध्वनि प्रदूषण, सुरक्षा एवं स्वच्छता जैसे मापदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर तालाबंदी की कार्वाई की जाएगी। यही नगर निगम आयुक्त सौरभसोनवणे ने बताया है कि जिन बारातघरों में शर्तों के अनुसार सुविधाएं नहीं होगी वहां पर तालाबंदी की कार्वाई होगी।

# सीमांकन और नामांतरण के एक साल से अधिक लंबित प्रकरण 31 मई तक निराकृत करें धारणाधिकार तथा स्वामित्व योजना के प्रकरण तीन दिवस में निराकृत करने के निर्देश



**हरिभूमि न्यूज रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी योजना में तय समय सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। समय सीमा का पालन न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। सीमांकन और नामांतरण के एक साल से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण 31 मई तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों में तीन माह की समय सीमा का पालन न करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों का एक माह में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार, नक्शा तरमीम तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए पुनः अभियान चलाएं। इसके लिए सर्वेयर और पटवारियों की ड्यूटी लगाकर प्रतिदिन कम से कम एक हजार फार्मर आईडी बनवाएं। स्वामित्व योजना में अभी भी 90 गांवों में कार्य शेष है। जिन गांवों में सर्वे और सत्यापन का कार्य पूरा हो गया है वहाँ पट्टे जारी करने की कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना और धारणाधिकार योजना के लंबित प्रकरण तीन दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार रिकार्ड रूम में डाटा संधारण के लिए पूरी तैयारी कर लें। सभी उपलब्ध और आवश्यक रिकार्डों को स्कैनिंग के लिए उपलब्ध कराएं। न्यायालय में अवमानना से संबंधित 48 प्रकरणों में से 23 अभी भी लंबित हैं। इनमें कार्यवाही करके तत्काल जवाबदावा और प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करें। प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करके पीड़ति को राहत राशि उपलब्ध कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन की पाइपललाइन और टंकियों के निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों की भूमि निर्माण एजेंसी को तत्काल उपलब्ध कराएं। सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति में सुधार करें। इसमें लंबित सीमांकन के सभी प्रकरणों का एक माह में सीमांकन कराकर निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराकर जिले को ए श्रेणी में पहुंचाएं। नरवाई जलाने में प्रतिबंध लगा हुआ है। इसका उल्लंघन करने वाले किसानों पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाएं। एसडीएम और तहसीलदार अपने क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था की भी सतत निगरानी करें। हैण्डपंपों और नलजल योजनाओं से संबंधित शिकायतों को तत्काल निराकृत कराकर आमजनता को पेयजल की व्यवस्था कराएं। उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई केवाईसी कराकर स्थाई रूप से पलायन करने वाले तथा मृतक व्यक्तियों के नाम पोर्टल से पृथक कराएं। राजस्व प्रकरणों के संबंध में समय पर प्रतिवेदन न देने वाले तहसीलदारों तथा पटवारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



## चाय में गिरी छिपकली बनी ज़हर, दो मासूमों की हालत बिगड़ी, गांव में मचा हड़कंप

**हरिभूमि न्यूज रीवा**

शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पैपखरा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है,बता दे घर में बनी चाय पीते ही दो मासूम बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें तुरंत संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की तत्परता से दोनों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार चाय में गिरी मरी हुई छिपकली इस गंभीर स्थिति का कारण बनी। घटना रविवार सुबह की बताई जा रही है, जब अर्चना सिंह नामक महिला ने रोज़ की तरह घर पर अपने बच्चों के लिए चाय बनाई। उसने यह चाय अपने दोनों बच्चों 8 वर्षीय अमित और 6 वर्षीय आभा को दी। दोनों बच्चों ने जैसे ही चाय पीनी शुरू की, उन्हें कुछ ही देर में चक्कर आने लगे और उल्टियां शुरू हो गईं। बच्चों की बिगड़ती हालत देख अर्चना सिंह और अन्य परिजनों में अफरा-तफरी मच गई,परिजनों के अनुसार जिस दूध से चाय बनाई गई थी, उसमें अनजाने में एक छिपकली गिर गई थी। लेकिन अर्चना सिंह की नजर इस पर नहीं पड़ी और उसी दूध से चाय तैयार कर बच्चों को पिला दी गई। जब बच्चों की हालत बिगड़ी और शंका होने पर बचा हुआ दूध देखा गया, तब उस बर्तन में मृत छिपकली पाई गई। बच्चों को गंभीर स्थिति में तत्काल संजय गांधी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच में खाद्य विषाक्तता की आशंका जताई। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बच्चों को समय पर इलाज मिल गया, वरना यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी।

## अल्प आय वर्ग सोसाइटी के संचालक मण्डल का निर्वाचन शून्य घोषित, प्रशासक की हुई नियुक्ति, संयुक्त संचालक ने सुनवाई के बाद हुई कार्यवाही, नए सिरे से होगा निर्वाचन

**हरिभूमि न्यूज रीवा**




जिले के अल्प आय वर्ग गृह निर्माण सोसायटी के संचालक मंडल को भंग कर दिया गया है। वर्ष 2021 में सोसायटी के संचालक मंडल का कराया गया निर्वाचन भी सहकारिता के संयुक्त पंजीयक की ओर से शून्य घोषित कर दिया गया है। इसके परिपालन में सहकारी विभाग के उपायुक्त ने सोसायटी में तत्काल प्रभाव से विभाग के व्यक्ति को प्रशासक नियुक्त कर दिया है,संयुक्त पंजीयक द्वारा निर्वाचन शून्य करने के बाद अल्प आय वर्ग गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रीवा के संचालक मंडल के स्थान पर उप पंजीयक ने विकास माठे सहकारी निरीक्षक को प्रशासक नियुक्त कर दिया है। जानकारी के मुताबिक अल्प आय वर्ग गृह निर्माण समिति रीवा के अध्यक्ष विकास तिवारी थे। उनके अलावा उपाध्यक्ष सहित 10 अन्य सदस्य वर्ष 2021 में निर्वाचित घोषित किए गए थे। समिति के सदस्यों ने ने इसकी शिकायत उप पंजीयक सहकारी कार्यालय संस्थाओं में किया। लंबे समय से सोसायटी को लेकर विवाद की स्थिति बनी बनी थी। भ्रष्टाचार सहित अन्य कई गंभीर आरोपों की शिकायतें भी जांच में ली गई है। संचालक मंडल पर लगातार आरोप लगते रहे हैं कि प्लाटों की बिक्री में नियमों की अनदेखी की जा रही है।संचालक मंडल के खिलाफ विभाग के साथ ही संभागायुक्त, कलेक्टर, लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू आदि में शिकायते की गई है. जिसकी जांच चल रही है। पूर्व में दर्ज प्रकरण पर संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आदेश पारित किया है। गौरतलब है कि अल्प आय गृह निर्माण सहकारी समिति रीवा के जिस संचालक मण्डल का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया गया है अभी उसका कार्यकाल लगभग डेढ वर्ष शेष था। प्रत्येक पांच वर्ष में निर्वाचन का प्रावधान है। दीगर बात है कि लोग दांव-पेंच के सहारे 5 वर्ष से अधिक समय तक बने रहते हैं।बॉक्स सोसायटी के सदस्यों ने दर्ज कराई थी आपत्तिअल्प आय वर्ग गृह निर्माण सहकारी समिति में वर्ष 2021 में कराए गए चुनाव को सहकारी विभाग ने नियम विरुद्ध पाते हुए रद्द कर दिया है। विभाग की जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और सदस्यों को विधिवत सूचना तक नहीं दी गई थी। समिति के सदस्यों रमेश कुमार मिश्र, शांति तिवारी, लक्ष्मण कोल एवं अन्य ने चुनाव के तुरंत बाद आपत्ति दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि 10 सितंबर 2021 को संचालक मंडल का और 14 सितंबर को अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का चुनाव बिना सूचना के गुपचुप तरीके से करा लिया गया। सहकारी विभाग द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी शैलेश मालवीय पर आरोप है कि उन्होंने पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखा और अधिकांश सदस्यों को चुनाव की जानकारी नहीं दी। जाँच में यह भी पाया गया कि सूचना डाक द्वारा नहीं भेजी गई, और जिन अखबारों में चुनाव की सूचना प्रकाशित कराई गई, उनका रीवा क्षेत्र में कोई विशेष प्रसार नहीं है। संयुक्त पंजीयक, सहकारिता द्वारा सभी पक्षों के उत्तरों की समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि चुनाव प्रक्रिया सहकारी अधिनियम व नियमों के अनुरूप नहीं रही। परिणामस्वरूप वर्ष 2021 में सम्पन्न पूरा निर्वाचन अमान्य घोषित कर दिया गया है। बॉक्स ऐसा रहा संचालक मंडलसंचालक मंडल में अध्यक्ष विकास तिवारी निवासी तियनी, राजीवलोचन शर्मा उपाध्यक्ष निवासी ऊंचा टोला, पुष्पा मिश्रा निवासी शारदापुरम, संतोष कुमार तिवारी निवासी कोट, मनीष कुमार दुबे निवासी ऐतला, विपिन मिश्रा निवासी कसियार गांव, मनोज रार्मा निवासी ग्राम ऊंचा टोला, राजेंद्र केवट निवासी अमिलिया, शिवाकांत दुबे निवासी तिवनी, सविता देवी पटेल निवासी इटहा कला शामिल हैं।बॉक्स निर्वाचन अधिकारी पर मेहरबानी बता दे जिस चुनाव प्रक्रिया को फर्जी माना गया, उसके निर्वाचन अधिकारी पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सुनवाई के दौरान निर्वाचन अधिकारी शैलेश मालवीय की भूमिका को भी संदिग्ध माना गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता अधिवक्ता संजय पांडेय ने कहा कि जब चुनाव अवैध माना गया है तो उसे अंजाम देने वाला कैसे बच सकता है,विभाग के अधिकारियों को प्रशासनिक स्तर पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सोसायटी में साढ़े तीन हजार सदस्य है. संचालक मंडल के चुनाव में उनमें वही लोग बुलाए गए जिन्हें नियुक्त करना था। साथ ही वर्ष 2018 के मतदाता सूची से चुनाव कराया गया जबकि नियम है कि मतदान की अधिसूचना जारी होने के बाद सूची तैयार की जाती है और दावा-आपतियां ली जाती हैं।



## पूर्व जनपद सदस्य पर गोलीबारी का आरोपगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मामला

**हरिभूमि न्यूज रीवा**

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री रोड पर पऊपाखर के पास पूर्व जनपदस सदस्य ने पिस्टल से फायर किए जाने का आरोप लगाया है हालांकि,बताया गया कि घटना सोमवार रात लगभग 12 बजे के आसपास की है,आरोप है कि ग्राम पंचायत बाबूपुर ग्राम ढांढर के निवासी पूर्व जनपद सदस्य विनोद विश्वकर्मा पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि वे इस हमले में बाल-बाल बच गए। घटना के संबंध में विनोद विश्वकर्मा ने बताया कि वे एक तिलक समारोह से लौट रहे थे, तभी पऊपाखर के पास दो संदिग्ध युवक सड़क पर खड़े दिखाई दिए। उन्होंने रुकने का इशारा किया, लेकिन संदेहवश विनोद विश्वकर्मा बिना रुके आगे बढ़ गए। तभी पीछे से उन पर फायर किया गया। गोलीबारी की यह घटना उन्हें अंदर तक झकझोर गई और वे भयभीत हो गए। घटना के दो दिन बाद, 8 मई को उन्होने मामले की शिकायत गढ़ थाना में दर्ज करवाई है। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गढ़ थाना क्षेत्र में रात्रिकालीन अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। विशेष रूप से शराब और अन्य नशे के अवैध कारोबार ने इस क्षेत्र को अपराध की ओर धकेल दिया है। रात में सड़कों पर नशे में धुत युवक राहगीरों को रोककर लूटपाट और मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल है।

## रायपुर कर्चुलियान में ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज रीवा**



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर साहब ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में जल गंगा अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी तीन दिवस में सभी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति वाली 72 ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने तथा बगैर अनुमति अनुपस्थित सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जनपद कार्यालय में आयोजित बैठक में ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यों में 14 मई तक सीसी जारी करने तथा आवास के लक्ष्य को पूर्ण करने के साथ साथ सभी ग्राम पंचायतों में समग्र में के लक्ष्य को 30 मई के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये। बैठक में कार्यपालन यंत्री टी पी गुर्दमान,परियोजना अधिकारी मनरेगा शिव सोनी,लेखा अधिकारी योगेंद्र पांडेय, आवास प्रभारी विनोद पांडेय,जनपद सीईओ संजय सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जी. एन. श्रीवास्तव,सहायकयंत्री श्रीमती मनीषा मिश्रा, अनिल तिवारी, इंद्रभान सिंह, मनोज मिश्रा, श्रीमती विभा अवस्थी, बृजेश दुबे सहित जनपद के उपयंत्री, एडीओ, पीसीओ,ग्राम पंचायतों के सरपंच,सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# जेपी सीमेंट फैक्ट्री की गढ़वा माइंस में मिला युवक का शव, चोरहटा थाना के नौबस्ता चौकी क्षेत्र की घटना



**हरिभूमि न्यूज रीवा**

शहर चोरहटा थाना क्षेत्र के नौबस्ता चौकी क्षेत्र अंतर्गत जेपी सीमेंट कंपनी की गढ़वा माइंस में एक युवक का शव तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना पुलिस चौकी नौबस्ता को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में मौके पर एसडीआरएफ टीम को भेज कर शव को बाहर निकलवाया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की पहचान सुमेदा निवासी धर्मेन्द्र द्विवेदी पिता सुरेश द्विवेदी उम्र 21 वर्ष के रूप में की। पुलिस ने मामले को विवेचना में लेकर पंचनामे की कार्यवाही कर शव विच्छेदन के लिए संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा भिजवाया जहां से शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि धर्मेंद्र 7 मई की सुबह ग्यारह बजे तक घर में ही था उसके बाद वह बिना बताए ही घर से निकल गया जब देर शाम तक घर नहीं वापस आया तो हम लोगों ने आसपास नात रिश्तेदारी में पता किये कहीं नहीं पता चल रहा था गुरुवार को सुबह जब कुछ राहगीरों द्वारा माइंस में एक युवक के शव को तैरते हुए देखा गया तो यह खबर गांव में फैल गई तब हम लोगों ने माइंस में देखा तो उसकी चप्पल माइंस के मेड़ में पड़ी थी उसका शव माइंस में उतरा रहा था माइंस की गहराई और पानी ज्यादा होने के कारण शव के पास में जाना संभव नहीं था जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक युवक के चचेरे भाई ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि धर्मेंद्र कल बुधवार को सुबह ग्यारह बजे तक घर में ही था उसके बाद वह घर से निकला है तो लौट कर घर नहीं गया जिससे हम लोग सभी परिजन रात भर धर्मेंद्र की तलाश करते रहे आज सुबह ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली कि धर्मेंद्र का शव जेपी की खुली गढ़वा माइंस में तैर रहा है तब हम सभी परिजन माइंस पहुंचे हम लोगों को यह नहीं पता कि धर्मेंद्र माइंस एरिया तक कैसे पहुंचा।किसान नेता ज्ञानचन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सीमेंट कंपनी की घोर लापरवाही के कारण सीमेंट कंपनी की खुली माइंस में आए दिनों घटनाएं होती हैं न कंपनी प्रबंधन ध्यान दे रहा और न ही शासन प्रशासन।

**इनका कहना है**

ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक युवक का शव जेपी की गढ़वा माइंस में उतरा रहा है मौके पर जाकर एसडीआरएफ टीम की मदद से शव निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था जहां से शव विच्छेदन के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चल सकेगा की घटना कैसे कारित हुई मामले को जांच में लेकर विवेचना में लिया गया है।

**प्रशांत शुक्ला चौकी**
प्रभारी नौबस्ता

# मऊगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को होगा आयोजित



## शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय पाने का सुनहरा अवसर

**हरिभूमि न्यूज मऊगंज।** विधिक सेवा समिति मऊगंज के तत्वावधान में आगामी शनिवार, दिनांक 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह लोक अदालत न्यायिक प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य न्यायिक बोझ को कम करते हुए पक्षकारों को आपसी सहमति से विवादों का समाधान प्रदान करना है।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल, दांडिक (जहां राजीनामा संभव हो), परिवार न्यायालय संबंधी विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, विद्युत विवाद एवं मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण से जुड़े मामलों को सम्मिलित किया जाएगा। संबंधित पक्षकारों से आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने प्रकरणों को लेकर लोक अदालत में उपस्थित हों और आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित समाधान प्राप्त करें।तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज के द्वारा जारी सूचना में बताया गया है कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का निपटारा किए जाने पर न केवल समय की बचत होती है, बल्कि आर्थिक रूप से भी यह एक सुलभ माध्यम होता है। इसमें न्यायालय शुल्क की छूट सहित अन्य विधिक लाभ भी प्राप्त होते हैं।जनसामान्य से अपील की गई है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित मामलों का समाधान लोक अदालत के माध्यम से शीघ्रता से प्राप्त करें। आज न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया गया । प्रथम अपर सत्र अतिरिक्त न्यायाधीश मऊगंज के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रीवा जय सिंह सरौते,प्रथम सत्र न्यायाधीश श्री मनोज तिवारी, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री हीरालाल अलावा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री साजिद मोहम्मद व श्री महादेव पटेल , व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड युवराज दीक्षित ,ओ सी जैन ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार के लिए वाहनों रैली को रवाना किया।

# मऊगंज में आईजी ने लगाया जन चौपाल






## अवैध नशा और साइबर अपराध के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज मऊगंज।** रीवा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) गौरव राजपूत ने मऊगंज जनपद सभागार में ₹आपका आईजी, आपके द्वार₹ कार्यक्रम के अंतर्गत जन चौपाल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता की समस्याएं सुनना, उनसे संवाद करना और अपराध नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना रहा।जन चौपाल में आईजी गौरव राजपूत ने क्षेत्र में फैले अवैध नशे जैसे कोरेक्स, फैंसीड्रिल, ऑनरैक्स, विनरैक्स, गांजा, चरस, अफीम, ब्राउन शुगर आदि के कारोबार पर सख्त रुख अपनाते हुए लोगों से इनकी जानकारी साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के नाम, पते, मोबाइल नंबर, गाड़ी नंबर एवं कार्य करने का तरीका इत्यादि की जानकारी मोबाइल नंबर 9479997336 पर साझा करें। साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।आईजी ने लोगों को साइबर अपराध से सतर्क करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी को भी ओटीपी, पासवर्ड, पिन नंबर या गोपनीय जानकारी साझा न करें। अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को स्वीकार न करें, अश्लील फोटो/वीडियो न बनाएं और न ही मोबाइल में रखें। उन्होंने फेक कॉल्स, डिजिटल गिरफ्तारी, एसएमएस लिंक और फर्जी एप डाउनलोड के जरिए हो रही धोखाधड़ी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।आईजी ने बताया कि साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के जरिए लोगों को केस में फंसाने की धमकी देकर पैसे मांगते हैं। ऐसी किसी भी स्थिति में तुरंत कॉल काट दें और पुलिस को सूचित करें।जन चौपाल में जनपद सदस्य शेख मुख्तार सिद्दीकी ने मांग की कि सभी शिकायतों का समयसीमा के भीतर निपटारा किया जाए और फर्जी अपराधों को रोका जाए। राजू सिंह सेंगर ने जन चौपाल को गांव-गांव तक पहुंचाने की बात कही, जिससे राजस्व एवं पुलिस विभाग मिलकर अपराध नियंत्रण में कारगर सिद्ध हो सकें।नईगढ़ी से आए अखिलेश पटेल ने बहुती जलप्रपात पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की, जिसे आईजी ने स्वीकारते हुए एसपी को बल तैनात करने के निर्देश दिए। वहीं सीतापुर में चौकी खोलने और मऊगंज जिले में पुलिस बल की कमी पर सुखवंत प्रसाद मिश्रा की मांग पर आईजी ने 50-60 पुलिसकर्मियों की शीघ्र तैनाती की बात कही।इस जन चौपाल में मऊगंज पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, टीआई गिरिश धुर्वे, थाना प्रभारी मऊगंज राजेश पटेल, थाना प्रभारी हनुमना अनिल काकडे, नईगढ़ी थाना प्रभारी जगदीश ठाकुर, लौर थाना प्रभारी गोविंद तिवारी, शाहपुर थाना प्रभारी अजय खोबरागड़े, टीआई सनत कुमार द्विवेदी एवं सूबेदार एवं यातायात प्रभारी अमरीश साहू सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।